देश में आधुनिक हथियारों के निर्माण की नींव डालेंगी बोइंग-रेथियॉन

बोइंग

राजस्व	कर्मचारी
2105.7	72
करोड़ डॉलर	हजार से अधिक

ए-10 वर्थाग: टैंक को ध्वस्त करने में सक्षम

दो इंजन वाला ये विमान सेना हथियार आसानी से मुहैया करा सकता है। यह हवा से टैंक और दूसरे सैन्य वाहनों को भी ध्वस्त कर सकता है। इसकी लंबाई 53 फीट है। वजन 12,154 किलोग्राम है। 666 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भरता है।

बी-1बी लांसर: आसमान से बम वर्षा करता है

बी-1बी लांसर बम वर्षक विमान हैं। बोइंग वर्ष 2040 तक इसके कॉकपिट को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की तैयारी कर रहा है। चार इंजन से लैस इस विमान के पंख 137 फीट हैं। लंबाई 146 फीट जबकि ऊंचाई करीब 34 फीट है। ये विमान 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरकर दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर सकता है। इसमें चार लोग बैठ सकते हैं।

रेथियॉन टेक्नोलॉजी

राजस्व	कर्मचारी
25.35	70
अरब डॉलर	हजार से अधिक

स्टॉर्म ब्रेकर: हथियार हवा में ही तबाह करने में सक्षम

स्टॉर्म ब्रेकर स्मार्ट वेपन हर मौसम में दुश्मन के अंत का कारण बन सकता है। 72 किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली इस मिशाइल से हवा में मौजूद दुश्मन के अस्त्र को ध्वस्त किया जा सकता है। कंपनी 2015 से इसका उत्पादन कर रही है। अब तक कुल करीब 17,143 मिसाइलें बन चुकी हैं। इसका वजन 93 किलोग्राम और लंबाई 176 सेंटीमीटर होती है।

सेंटिनेल रडार: संदिग्ध गतिविधियों की पहचान

आधुनिक तकनीक से लैस सेंटिनेल रडार फ्रंट लाइन एयर डिफेंस का काम करता है। ये बंधक बनाए गए जहाज, हेलिकॉप्टर के साथ दुश्मन के ड्रोन और मिसाइल को पहचान सकता है। अमेरिकी सेना ने दुनियाभर में 300 से अधिक सेंटिनेल रडार लगाए हैं। अमेरिका में इसका इस्तेमाल 2003 से हो रहा है।

अमराम मिसाइल: दुनिया के 40 देशों की ताकत

हवा से हवा में मार करने वाला ये मिसाइल 30 साल से युद्ध के मैदान में है। इसमें निरंतर बदलाव भी किए जा रहे हैं। कंपनी ने इसकी ताकत को परखने के लिए 49 हजार परीक्षण किए हैं और युद्ध के मैदान में 13 बार इसका इस्तेमाल हो चुका है। अमेरिका समेत दुनिया के 40 देश इसके खरीदार हैं। कई और देश इसकी खरीदारी की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों रक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां जो घातक हथियार बनाती हैं